स्टूडेंट्स को बताई प्राचीन गोंड चित्रकला

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कमला नगर में थर्सडे को गोंड कला वर्कशॉप का समापन हुआ. प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने कहा कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और प्रचार प्रसार करना एनईपी का प्रमुख उद्देश्य है. वर्कशाप में क्लास एक से 12 तक के 500 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया. एमपी के गांव पाटनगढ़ के रहने वाले गोंड आर्टिस्ट हीरामन उर्वेती ने स्टूडेंट्स को गोंड चित्रकला की प्राचीन कलात्मकता का ज्ञान दिया. प्रदर्शनी में हर क्लास के टॉप तीन स्टूडेंट को सम्मानित किया गया. इस मौके पर चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि जी सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया और डायरेक्टर पार्थो पी कर आदि रहे.